## जारी हुआ पीएम मोदी की बायॉपिक का पोस्टर, विवेक ओबेरॉय बनें मोदी

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर बनी फिल्म द ऐक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर ट्रेलर आने के बाद से ही विवादों में है। इस फिल्म में अनुपम खेर मनमोहन सिंह के किरदार में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का ट्रेलर आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बायॉपिक आने की खबर आई थी। देखते ही देखते यह खबर सोशल मीडिया पर छा गई। अब फिल्म का पोस्टर भी सामने आया है जिसमें मोदी के रूप में ऐक्टर विवेक ओबेरॉय नजर आ रहे हैं।

विवेक ओबेरॉय पिछली बार फिल्म बैंक चोर में नजर आए थे। इसके बाद इस बयॉपिक से वह बॉलिवुड में वापसी कर रहे हैं। फिल्म के पोस्टर विवेक भगवा रंग के कुर्ते में दिखाई दे रहे हैं। बैकग्राउंड में तिरंगा झंडा है और इसके साथ लिखा है, देशभक्ति ही मेरी शक्ती है। विवेक ओबेरॉय ने इस पोस्टर को अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है। इन दिनों फिल्म द ऐक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर काफी चर्चा में है। इसमें अनुपम खेर मनमोहन सिंह के किरदार में नजर आ रहे हैं। हालांकि, कांग्रेस पार्टी को फिल्म से आपत्ति है और इसपर काफी बवाल हो रहा है। बता दें कि यह फिल्म राइटर संजय बारू की किताब द ऐक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर पर बेस्ड है।

# शाहरुख के साथ काम करेगी फातिमा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा शेख किंग खान शाहरुख खान के साथ काम करती नजर आ सकती है।*

*फातिमा शेख ने आमिर खान के साथ दंगल और ठग्स ऑफ हिंदोस्तान जैसी फिल्मों में काम किया है। चर्चा है कि आमिर के बाद वह शाहरूख के साथ काम करती नजर आ सकती है। उन्हें अनुराग बसु की आने वाली फिल्म 'सैल्यूट' में साइन किया जा सकता है। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं।*

*मेकर्स अभी भी इस फिल्म के लिए लीड हीरोइन की तलाश कर रहे हैं। हालांकि अभी भी 'सैल्यूट' के लिए फातिमा का नाम फाइनल नहीं है, लेकिन मेकर्स फातिमा की अब तक की परफॉर्मेंसेस को देखकर काफी प्रभावित हैं और इसीलिए फातिमा के शाहरुख के ऑपोज़िट साइन किए जाने के ज़्यादा चांस बन रहे हैं।*

*फातिमा खुद भी शाहरुख के साथ काम करना चाहती हैं। एक साक्षात्कार में फातिमा ने कहा था कि फिल्म जगत में अगर वह किसी अभिनेता के भी आस-पास होने से नर्वस होती हैं, तो वह शाहरुख खान हैं। बावजूद इसके फातिमा शाहरुख के साथ काम करने को बेताब हैं। 'सैल्यूट' की शूटिंग फरवरी से शुरू होगी। यह फिल्म अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की बायोपिक होगी। राकेश शर्मा पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री थे जिन्होंने साल 1984 में अंतरिक्ष में कदम रखा था। राकेश शर्मा को इसके लिए अशोक चक्र से भी सम्मानित किया गया था।*



# मुझे टीवी के रिऐलिटी शो का जज नहीं बनना: इमरान हाशमी



अभिनेता इमरान हाशमी इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म चीट इंडिया के प्रमोशन में व्यस्त हैं। पहले यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 जनवरी को रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन बाद में जब कंगना रानौत की मणिकर्णिका और नवाजुद्दीन सिद्धिकी की फिल्म ठाकरे भी इसी दिन रिलीज़ के लिए फाइनल हो गई तो फिल्म के निर्माता भूषण कुमार ने अपनी फिल्म को एक हफ्ते पहले 18 जनवरी को रिलीज़ करने का फैसला कर लिया।

फिल्म की रिलीज़ डेट बदलने को लेकर इमरान कहते हैं, फिल्म की रिलीज़ डेट हमने इस वजह से एक हफ्ते पीछे कर ली है, ताकि बिजनस ज्यादा से ज्यादा हो सके। पहले हमारी फिल्म 25 जनवरी को रिलीज़ हो रही थी, लेकिन अब यह 18 जनवरी को होगी। गणतंत्र दिवस की छुट्टी की वजह से वह हफ्ता हॉट हो गया है और एक साथ तीन फिल्में आ रही थीं। किसी भी छुट्टी का फायदा फिल्म को तभी मिलता है, जब वह छुट्टी शुक्रवार को होती है, 26 जनवरी की छुट्टी शनिवार को पड़ रही है, इसलिए उतना फायदा नहीं है।

इमरान आगे कहते हैं, हमें लगा कि हमारी फिल्म कांसेप्ट वाली है, इस तरह की फिल्म अब तक नहीं बनी है, हम बिजनस को बढ़ा सकते हैं, इसलिए हमने सोलो वीकंड को रिलीज़ करने का फैसला किया है। 18 जनवरी को सिर्फ हमारी बड़ी फिल्म ही रिलीज़ हो रही है। इस फिल्म को ग्रो करने के लिए पूरे हफ्ते का टाइम मिलेगा और दूसरे सप्ताह की छुट्टी का भी फायदा मिलेगा।

रिलीज़ से एक दिन पहले होने वाली बेचैनी के बारे में इमरान बताते हैं, जैसे किसी परीक्षा के बाद रिजल्ट आने के दौरान हर किसी के दिल और मन में उथल-पुथल मची रहती है, ठीक वैसे ही फिल्म की रिलीज़ से पहले मेरे अंदर बेचैनी बनीं रहती है। शुक्रवार को पहले शो के बाद मैं फिल्म का रिव्यू और कलेक्शन दोनों चेक करता हूं। आजकल सिर्फ फिल्म समीक्षकों के रिव्यू महत्वपूर्ण नहीं होते, सोशल मीडिया में दर्शकों के रिव्यू भी मिल जाते हैं। पहले शो के बाद फिल्म का माहौल पता चल जाता है।

इमरान आगे बताते हैं, कभी-कभी जब सिर्फ फैंस शो देखकर टैग कर रहे होते हैं, तब पूरा माहौल पता नहीं चलता। समीक्षकों के रिव्यू अगर अच्छे होते हैं तो फिल्म को बहुत फायदा होता है, लोग रिव्यू पढने के बाद फिल्म देखने जाते हैं। अगर समीक्षकों से सिर्फ 2 स्टार मिले हैं तो समझो आपकी फिल्म गई, लेकिन 3 से 4 स्टार का रिव्यू मिलता है तो फायदा होता है। इसके बाद इंतजार होता है फिल्म के पहले दिन के कलेक्शन का, जो पूरी तरह शनिवार की सुबह पता लगता है।

टीवी पर काम करने के बारे में इमरान कहते हैं, टीवी पर जो भी चीजें मुझे ऑफर हुई, वह उतनी अच्छी नहीं लगीं। मैं थोड़ा चूजी हूं, मैं टीवी पर वही काम करना चाहता हूं, जिसमें मुझे खुद पर विश्वास हो और खुद उस विषय को समझ पाऊं। अब ऐसा कुछ तो मुझे मिला नहीं, जो ऑफर आए वह सब किसी न किसी रिऐलिटी शो में जज बनने का ऑफर था। मुझे कई बार ऐसे ऑफर्स मिले, लेकिन मैंने नहीं लिए। मुझे टीवी रिऐलिटी शो का जज नहीं बनना था, अब इसका मतलब यह नहीं है कि उस काम में कोई बुरी बात है, लेकिन मुझे कुछ और कॉन्सेप्ट पर काम करना था।

इमरान हाशमी की फिल्म चीट इंडिया में देश की खोखली शिक्षा व्यवस्था को दशा को दिखाया गया है। फिल्म में इमरान निगेटिव भूमिका में हैं। सौमिक सेन के निर्देशन में तैयार इस फिल्म के निर्माता अतुल कस्बेकर और भूषण कुमार (टी सीरीज) हैं। यह फिल्म अगले महीने 18 जनवरी को देशभर के सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज़ होगी।